सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून, 16 दिसम्बर, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को परेड ग्रांउड में 7वीं इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप–2023 का शुभारंभ किया। उत्तराखंड स्पोर्ट्स ताइक्वांडो ऐसोसिएशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में 10 देशों के 250 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। राज्यपाल ने ताइक्वांडो के क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने वाले खिलाडियों, जिनमें भारत की हिना हबीब और अमय चौहान, नेपाल के मास्टर नंदा बश्याल और चंद्र प्रकाश श्रेष्ट, कोरिया के मास्टर किम को लाईफटाइम एचीवमेंट पुरस्कारों से सम्मानित किया। उन्होंने उद्घाटन सत्र में पहले मुकाबले में केन्या और भारत के खिलाड़ियों के प्रदर्शन की प्रशंसा की।

राज्यपाल ने सभी खिलाड़ियों का देवभूमि उत्तराखंड में स्वागत करते हुए उन्हें प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि अंर्तराष्ट्रीय स्तर के आयोजनों का उत्तराखंड में आयोजित होना हम सभी के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि खेल हमारे स्वस्थ जीवन के लिए जरूरी तो हैं ही वहीं हमारी मानसिक मजबूती के लिए भी अनिवार्य हैं। उन्होंने कहा कि ताइक्वांडो जैसे खेल जहां स्वास्थय के लिए जरूरी हैं वहीं यह हमारी आत्मरक्षा में भी सहायक हैं। उन्होंने कहा कि इस खेल में दृढ़ता और संतुलन के साथ–साथ आत्म अनुशासन, नियंत्रण भी जरूरी है।

राज्यपाल ने कहा कि खेलों के माध्यम से सांस्कृतिक आदान–प्रदान का मौका भी मिलता है साथ ही साथ एकता की भावना भी सुदृढ़ होती है। उन्होंने कहा कि खेलों के क्षेत्र में हमारे युवा राष्ट्रीय एवं अंर्तराष्ट्रीय स्तरों में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। इस प्रकार के आयोजन वे प्रेरित होंगे और देश एवं विदेशों में यहां का परचम लहराएंगे। उन्होंने कहा खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए अवस्थापना सुविधाओं को विकसित किया गया है जिसका लाभ खिलाड़ियों को मिल रहा है। उन्होंने इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे खिलाड़ियों से यहां के पर्यटन और आध्यात्मिक स्थलों का भ्रमण करने का भी आह्वान किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के चेयरमैन, पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र और पूर्व मुख्यमंत्री श्री भगत सिंह कोश्यारी ने उपस्थित सभी खिलाड़ियों और उनके साथ आए सहयोगी अधिकारियों का स्वागत किया और सभी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक डॉ. एस.फारूख, आयोजन सचिव जावेद खान, नवीन अरोड़ा, डी.एस.मान, मनीष उप्रेती, नौमान फारूखी सहित विभिन्न देशों के खिलाड़ी उपस्थित रहे।

..............0.............